# तू भजले शिव का नाम | By Sanjay Chauhan |

तू भजले शिव का नाम,
जिंदगी दो दिन की।
शिव करेंगे पूरण काम,
जिंदगी दो दिन की।
तू भजलें शिव का नाम,
जिंदगी दो दिन की।।

जब जब जिसने शिव को पुकारा,
शिव शंकर ने दिया है सहारा।
तू करले शिव गुणगान,
जिंदगी दो दिन की।
तू भजलें शिव का नाम,
जिंदगी दो दिन की।।

भवसागर में क्यों घबरावे,
शिवजी बेडा पार लगावे।
रटता चल शिव का नाम,
जिंदगी दो दिन की।
तू भजलें शिव का नाम,
जिंदगी दो दिन की।।

दो अक्षर का नाम है प्यारा,
इसमें बसा ब्रम्हांड ये सारा।
तू शिव का करले ध्यान,
जिंदगी दो दिन की।
तू भजलें शिव का नाम,
जिंदगी दो दिन की।।

तू भजले शिव का नाम,
जिंदगी दो दिन की।
शिव करेंगे पूरण काम,
जिंदगी दो दिन की।
तू भजलें शिव का नाम,
जिंदगी दो दिन की।।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%ad%e0%a4%9c%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-sanjay-chauhan/